
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# सतपुली, स्यूंसी झील से होगा क्षेत्र का कायाकल्प: महाराज

जनसम्पर्क

## ग्राम बौन्दर एवं नाई के अनेक कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**संवाददाता**

देहरादून। कांग्रेस उत्तराखंड के विकास में सबसे बड़ी बाधक रही है। सत्ता में रहते हुए उसने कभी भी राज्य के पिछड़ेपन को दूर करने की चिंता नहीं की। जबकि भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, आध्यात्मिक गुरु और चौबट्टाखाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को मतदाताओं से जनसम्पर्क करते हुए कही। उन्होने में जनसम्पर्क के दौरान विधानसभा क्षेत्र में बरसात और बर्फबारी के बाद कई स्थानों पर बिजली एवं पानी की लाईनें अवरूद्ध होने पर विभागीय अधिकारियों को उन्हें तुरन्त दुरुस्त कर सुचारू करने के निर्देश भी दिए।



भाजपा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने शनिवार को पोखड़ा मण्डल के अन्तर्गत गिवाली भेटी, ओडगांव, बौन्दर, दलमाणा, जयखाल और गडोली आदि क्षेत्रों में जनसम्पर्क कर भाजपा सरकार में किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए 14 फरवरी को कमल के फूल का बटन दबाने की अपील की।

महाराज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में राज्य में अनेक विकास कार्य किए। उनके कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र में कई सड़कों पुनर्निर्माण एवं डामरीकरण किया गया।1084.84 लाख की लागत की 5 लिफ्ट सिंचाई योजनाएं के साथ साथ 13655.57 लाख की 6 पंपिंग पेयजल योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है। 116.43 करोड़ की सतपुली और 48.24 करोड़ की स्यूंसी झील ये दोनों ऐसे प्रोजेक्ट हैं जिनसे चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र का निश्चित रूप से कायाकल्प होगा। जनसंपर्क के दौरान भाजपा में विश्वास व्यक्त करते हुए सतपाल महाराज के नेतृत्व में आज ग्राम बौन्दर एवं नाई के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा में शामिल होने वालों में बौन्दर गांव के प्रेम सिंह, राजे सिंह, ठाकुर सिंह, बीरेन्द्र सिंह, भुपन्द्र सिंह, आनन्द सिंह, अरविंद सिंह, भूप सिंह, तेजपाल सिंह, रोशनी देवी, जसपाल सिंह एवं नाई गाँव के गोदाम्बरी देवी, गोकुल सिंह रावत, शिवानी रावत, कंचन रावत, मोनिका, निशा रावत, सिमरन रावत, गीता गुंसाई, श्रुति रावत, पूजा रावत, मंगल सिंह आदि शामिल थे।

## न्यूज डायरी

### मां सरस्वती का पूजा–अर्चना कर मांगा बुद्धि–विवेक

**संवाददाता** रुद्रपुर। जिले भर में वसंत पंचमी पर स्कूलों में ज्ञान और बुद्धि–विवेक की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा–अर्चना की गई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। वहीं मंदिरों में हवन यज्ञ भी किया गया। शनिवार को रुद्रपुर में वसंत पंचमी स्कूलों में परंपरागत तरीके से बनाई गई। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पूजा–अर्चना कर शिक्षा का वर मांगा। वहीं सितारगंज में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में आयोजित यज्ञ में विद्यालय प्रबंधन व मुख्य अतिथि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा–अर्चना की। आचार्य व विद्यार्थियों ने सुंदरकाड का पाठ कर यज्ञ हवन संपन्न किया। इस मौके पर पंडित बिदेश्वर पांडे, कीर्ति बल्लभ, तुलाराम, विनोद, सुशीला, रेखा, मोनिका, अमन, किरण, मनोज मौजूद थे।

### वसंत पंचमी पर विद्या मंदिरों में किया हवन

**संवाददाता** कोटद्वार। विद्या भारती से संबद्ध हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर जानकी नगर व पदमपुर मोटाढाक स्थित रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में वसंत पंचमी के साथ ही वीर हकीकत राय बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। उधर, भाबर क्षेत्र के अंतर्गत भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में भी वसंत पंचमी के मौके पर हवन आयोजित किया। हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल के नेतृत्व में पंडित हरीश नौटियाल ने विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा के पश्चात हवन किया गया। शिक्षक अंचल कुमार अग्रवाल ने वसंत पंचमी पर्व की महत्ता और शिक्षक प्रयाग दत्त चमोली ने वीर हकीकत राय के जीवन का परिचय बच्चों को दिया।

### गृह मंत्रालय को संभालने वाली पीआईबी इकाई ने कू ऐप पर खोला खाता

**संवाददाता** देहरादून। गृह मंत्रालय की सूचनाओं को संभालने वाली प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की इकाई ने मेड–इन–इंडिया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू ऐप पर अपना आधिकारिक खाता खोला है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सबसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों में से एक है। गृह मंत्रालय (एमएचए) को संभालने वाली पीआईबी की इकाई, बहुभाषी माइक्रो–ब्लॉगिंग मंच कू ऐप का इस्तेमाल समय–समय पर इस मंत्रालय से संबंधित सार्वजनिक महत्व के विकास पर जानकारी प्रदान करने में करेगी। पीआईबी के एमएचए कू अकाउंट ने अपनी पहली पोस्ट में आतंकवाद के प्रति भारत सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के संबंध में 2 फरवरी को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंत्रालय द्वारा दिए गए उत्तर से संबंधित जानकारी प्रदान की।

## नैनीताल जिले के विधायकों की 77 प्रतिशत विधायक निधि खर्च

**संवाददाता** देहरादून। वर्तमान विधायकी समाप्त होने वाले अंतिम वर्ष 2021–22 में नैनीताल जिले के 6 विधायकों की चुनाव घोषणा होने से पूर्व 31 दिसम्बर 2021 तक 77 प्रतिशत विधायक निधि खर्च हुई तथा 524 लाख 47 हजार की धनराशि शेष है जबकि प्रदेश के विधायकों की 68 प्रतिशत ही खर्च हुई।विधायकों में कुल 1301 कार्य स्वीकृत हुये, इसमें से दिसम्बर तक 996 कार्य ही पूरे हो सके जबकि 38 कार्य तो शुरू भी नहीं हुये।

सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड के ग्राम्य विकास आयुक्त कार्यालय से विधायक निधि खर्च सम्बन्धी विवरणों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में उपायुक्त (प्रशासन) हरगोविन्द भट्ट ने अपने पत्रांक 2830 के साथ वर्तमान विधायकों की विधायक निधि विवरण की फोटो प्रति उपलब्ध करायी है। नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार वर्ष 2021–22 में नैनीताल जिले के सभी 6 विधायकों को 375 लाख प्रति विधायक कुल 2250 लाख की विधायक निधि उपलब्ध हुई है।

इसमें से 31 दिसम्बर 2021 तक 1725.53 लाख की विधायक निधि खर्च हुई है तथा 524.47 लाख की विधायक निधि खर्च होने का शेष है। विधायकों द्वारा जिले में कुल 1301 कार्य स्वीकृत किये गये है इसमें से केवल 996 कार्य ही पूर्ण हो सके जबकि 38 कार्य शुरू नहीं हुये है तथा 267 कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों में अनुसूचित जाति के लिये कुल 18.52 प्रतिशत 241 तथा अनुसूचित जन जाति के कोई अनुसूचित जनजाति के कार्य नहीं हुये है।




## आप प्रत्याशी रविंद्र आनंद ने मातृशक्ति संग गली मोहल्लों में निकाली झाड़ू यात्रा'

**संवाददाता** देहरादून। शनिवार को कैंट विधानसभा आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद में आम आदमी पार्टी के चुनाव चिन्ह झाड़ू हाथ में लेकर मातृशक्ति के साथ झाड़ू यात्रा निकाल क्षेत्रवासियों से आम आदमी पार्टी के समर्थन में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अब समय आ चुका है उत्तराखंड की जनता बदलाव का साथ देते हुए एक स्वच्छ और इमानदार राजनीति करने वालों को मौका दे। आनंद ने कहा कि वैसे भी 21 सालों तक उत्तराखंड की जनता ने भाजपा और कांग्रेस पार्टी की मतलब की राजनीति देखी है अब समय है कि काम की राजनीति को भी देखा जाए। मातृशक्ति झाड़ू यात्रा में रविंद्र आनंद के साथ कई महिलाएं शामिल हुई।

## एम्स ऋषिकेश में सीबीआई ने मारा छापा कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कब्जे में लिया

**संवाददाता** ऋषिकेश। फर्जी स्थायी नियुक्तियों और खरीदारी को लेकर सुर्खियों में रहे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में सीबीआई की टीम ने छापा मारा है। सीबीआई ने सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं हार्ड डिस्क में मौजूद डाटा को एकत्र करने के लिए विभिन्न अनुभागों में कंप्यूटर सिस्टम को खंगाला जा रहा है।

एम्स ऋषिकेश में सीबीआई टीम की छापामारी से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बीते बृहस्पतिवार को सीबीआई की चार टीमों ने एम्स में जांच शुरू की थी, लेकिन एम्स प्रशासन ने किसी को भी इसकी कानों




कान खबर नहीं लगने दी। शनिवार को जब सीबीआई की टीम ने संस्थान के विभिन्न अनुभागों में जाकर कंप्यूटरों की हार्ड डिस्क में मौजूद डाटा को एकत्र करना शुरू किया, तब छापामारी की कार्रवाई का खुलासा है।

एम्स ऋषिकेश फर्जी स्थायी नियुक्तियों, उपकरणों और दवा की खरीदारी को लेकर लंबे समय से चर्चा में है। फर्जी नियुक्तियों को लेकर कई मुकदमे भी दर्ज हुए हैं। वहीं आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती करने वाली एजेंसी पर भी भर्ती के नाम पर पैसे लेने के आरोप लगते रहे हैं।

एम्स की ओर से देहरादून के एक विक्रेता से की गई खरीदारी के ई–वे बिल में सामान पानी के जहाज से भेजना दर्शाया गया था। सीबीआई सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज और कंप्यूटर डाटा की जांच कर रही है। वहीं संबधित अधिकारियों से भी पूछताछ की जा रही है। टीम में सीबीआई के निरीक्षक और उपनिरीक्षक शामिल हैं।

बृहस्पतिवार को सीबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की टीम एम्स ऋषिकेश पहुंची थी। टीम तीन दिनों से विभिन्न मामलों की छानबीन कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## एक वर्ग विशेष के विकास तक ही सीमित है कांग्रेस की सोचः सीएम

**संवाददाता** पिथौरागढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अपने गृह जनपद में दो सभाएं की। सभाओं में उन्होंने कहा कि जनसभाओं में लोगों के उत्साह से साफ हो गया है कि भाजपा का नारा अबकी बार 60 पार का नारा सार्थक होने जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कायो को ऐतिहासिक बताते हुए कहा भाजपा प्रदेश में बेहतर स्वास्थ, शिक्षा, सड़क और रोजगार के लिए काम कर रही है और कांग्रेस एक वर्ग विशेष के लिए अलग विश्वविद्यालय खोलने पर अड़ी हुई है। जिला मुख्यालय के रामलीला मैदान में विधायक चंद्रा पंत के समर्थन में जनसभा करते हुए कहा कि स्व.प्रकाश पंत ने पिथौरागढ़ के विकास का जो खाका खींचा था उसमें से कई कार्य धरातल पर उतर चुके हैं। विधयक चंद्रा पंत ने अपने अल्प कार्यकाल में तमाम कायो को तेजी से आगे बढ़ाया है। उन्होंने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि चंद्रा पंत अपने अगले कार्यकाल में क्षेत्र को और आगे ले जायेंगी।